Title: Need to provide better amenities at Haridwar railway station, Uttaranchal.

श्री राजेन्द्र कुमार (हरिद्वार) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान हरिद्वार की पावन धरती की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। जैसा कि सभी जानते हैं कि हरिद्वार में हजारों/लाखों श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, किन्तु पिछले 50 सालों में आज तक हरिद्वार रेलवे स्टेशन की ओर किसी भी सरकार ने उचित विकास की ओर ध्यान नहीं दिया है। यहां की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यहां पर रेलवे सफाई कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है और मुख्य सुविधाओं की भी कमी है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि देश के इस पावन स्थान का पर्यटन की दृटि से इसके समुचित विकास पर विशो ध्यान देकर इसकी कमियों को दूर किया जाये और हरिद्वार स्टेशन सहित रूड़की और लक्सर स्टेशन का भी आधुनिकीकरण किया जाये तथा इसके विकास के लिए अलग से अनुदान राशि जारी की जाये।